म घ	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
	2	3

अभिलेख उपस्थापित।

(1.) रधिया देवी पति स्व0 नारायण भुइंया पिता स्व0 धनु राम, निवास स्थान-सरौनीखुर्द, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग एवं (2.) सुरेश राम पिता स्व0 नेमन भुइंया, निवास स्थान ग्राम-डुमर, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-अंधारू, थाना नं0-224, खाता संख्या-23, प्लॉट संख्या-35, रकवा 0.08 एकड़ (08 डिसमिल) (आठ डिसमिल) भूमि डोली देवी पति गुड्डु पासवान, निवास स्थान कोर्रा, शिव मंदिर, पोस्ट-कोर्रा, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदकगण एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं खतियान की छायाप्रति एवं अन्य कागजात संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-20/2022 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 86/रा0 दिनांक 06.01.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 356 दिनांक 04.03.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि -

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदक को आवेदित भूमि खतियान से हासिल है। खतियान के अनुसार प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की भूमि है। खतियानी रैयत बुधना भुइंया वगै0 हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 0.73 एकड़ भूमि है। पंजी-।। अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 0.73 एकड़ भूमि है। पंजी-।। के पृष्ठ संख्या-26/I पर बुधना भइंया के नाम से जमाबंदी दर्ज है। लगान रसीद वर्ष 2019-20 तक निर्गत् है। आवेदक के परदादा एवं छरदादा के नाम से जमाबंदी दर्ज है। प्रश्नगत् भूमि संयुक्त खाते की है। आवेदक घरेलु बँटवारा के अनुसार भूमि बिक्री कर रहे हैं। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् संयुक्त खाता में रकवा 0.65 एकड़ भूमि अवशेष रहेगी। आवेदकगण भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन भूमि/सरकारी भूमि के

अनुसूची-14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर कार्रवाई के टिप्पणी तारीख
1	2	3

अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रश्नगत् भूमि आवेदक के दखल कब्जा में है।

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है। साथ ही प्रश्नगत् भूमि का वित्तीय वर्ष 2022-23 तक निर्गत् लगान रसीद की प्रति भी प्राप्त है, जो अभिलेख में संलग्न है।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में (1.) रधिया देवी पति स्व0 नारायण भुइंया पिता स्व0 धनु राम, निवास स्थान-सरौनीखुर्द, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग एवं (2.) सुरेश राम पिता स्व0 नेमन भुइंया, निवास स्थान ग्राम-डुमर, थाना-मुफ्फसिल, जिला-हजारीबाग को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-अंधारू, थाना नं0-224, खाता संख्या-23, प्लॉट संख्या-35, रकवा 0.08 एकड़ (08 डिसमिल) (आठ डिसमिल) भूमि डोली देवी पति गुड्डु पासवान, निवास स्थान कोर्रा, शिव मंदिर, पोस्ट-कोर्रा, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2022.09.29 16:18:44 +05:30
Location: 192.168.100.2